डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

# पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी द्वारा युवा साहिती कार्यक्रम आयोजित

## चार भाषाओं के युवाओं ने प्रस्तुत की कविताएं

**नई दिल्ली 8 फरवरी 2025**; साहित्य अकादेमी द्वारा आज नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में युवा साहिती कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें रणजय सरकार (अंग्रेज़ी), निकिता नैथानी (हिंदी), स्वाती शाकंभरी (मैथिली) एवं संदीप शर्मा (पंजाबी) ने कविता-पाठ किया। सबसे पहले मैथिली कवियत्री स्वाति शाकंभरी ने कुंभ, बहुत दिनों बाद अपने गांव जाने में महसूस किए बदलाव और एक बच्चे की सुंदर दुनिया को प्रस्तुत किया। संदीप शर्मा ने कहा कि वे अपनी कविता में चुप्पी को साझा करते हैं। इसी मनोदशा को चित्रित करती चार कविताएं उन्होंने प्रस्तुत कीं। इनमें पिता की स्मृति के साथ ही यूक्रेन की मां का दर्द भी था। रणजय सरकार ने अपनी अंग्रेज़ी कविताओं में कुछ लव कविताएं और मैप्स शीर्षक से एक लंबी कविता प्रस्तुत की।

अंत में निकिता नैथानी ने अपनी हिंदी कविताएं प्रस्तुत कीं। उनकी कविताएं पहाड़ की स्त्री के संघर्षों और उनकी जिजीविषा पर केंद्रित थीं । उनकी भाषा संबंधी एक कविता को भी सभी श्रोताओं ने बेहद पसंद किया।

कार्यक्रम का संचालन अकादेमी के सहायक संपादक अजय कुमार शर्मा ने किया।

- के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in